**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 18.09.2023**

**• अवैध जुए/सट्टे के विरूद्ध कानपुर देहात पुलिस का अभियान जारी, थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 05 जुआरी गिरफ्तार कर मौके से माल फड कुल 17,130 (सत्तरह हजार एक सौ तीस) रूपये व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किये गये ।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर श्री प्रशान्त कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में जुआरियों एवं सटोरियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक 17.09.2023 को मुखबिर खास की सूचना पर सिंचाई विभाग कॉलोनी नबीपुर कानपुर देहात के पीछे से सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 05 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अकबरपुर पर मु0अ0सं0 397/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त गण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. रामशंकर पुत्र गाला निवासी ग्राम नाथ का पुरवा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात ।
2. अनोज पाल पुत्र फूल सिंह निवासी नबीपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात ।
3. दलवीर पुत्र जागेश्वर प्रसाद निवासी मलपुरवा थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज ।
4. सुरेन्द्र पाल पुत्र घसीटे लाल निवासी नबीपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात ।
5. रजपाल पुत्र दुखीलाल निवासी ग्राम नाथ का पुरवा थाना गजनेर कानपुर देहात ।

**बरामदगी-**

1. कुल मालफड 17,130 रूपये
2. 52 अदद ताश पत्ते

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री संजीव कुमार चौकी प्रभारी जैनपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
2. का0 375 ज्ञानेन्द्र थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
3. का0 973 अंकित कुमार थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
4. का0 1196 सोनू कुमार थाना अकबरपुर कानपुर देहात।